राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | रांची, सोमवार 05 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 118 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# बारिश जारी रही, तो रूक्का डैम से ढाई लाख मिलियन गैलन पानी बहाया जाएगा

## गर्मी के बजाए बारिश के मौसम में सिकिदिरी हाइडल में चल रहा मेटेनेंस कार्य, 20 अगस्त तक पनबिजली प्लांट नहीं लेगा पानी

**कौशल आनंद। रांची**

- रूक्का डैम का जल स्तर खतरे के निशान से महज तीन फीट नीचे
- 33.04 फीट पहुंचा जल स्तर, 34 पहुंचने पर खोला जाएगा गेट

एक दिन की भारी बारिश के बाद रूक्का (गेतलसूद) डैम का जल स्तर खतरे के निशान से महज तीन फीट ही नीचे है. बारिश के दिन में रूक्का डैम का पानी छोड़ कर सिकिदिरी हाइडल पावर प्रोजेक्ट के लिए दिया जाता है. मगर, सिकिदिरी हाइडल में 25 जुलाई से ही वार्षिक मेटेनेंनस कार्य चल रहा है, जो 20 अगस्त तक चलेगा. यानी, मेंटेनेंस कार्य चलने तक सिकिदिरी हाइडल में रूक्का डैम का पानी नहीं लिया जाएगा.

अब सवाल उठता है कि गर्मी में जब डैम में पानी कम था, तब सिकिदिरी हाइडल का मेटेनेंस क्यों नहीं किया गया? रूक्का डैम के जल स्तर की बात करें, तो वैसे तो इसके खतरे का निशान 36 फीट है. रविवार को डैम का जल स्तर 33.04 फीट पर पहुंच चुका है. अगर फिर से बारिश शुरू हुई तो डैम से पानी छोड़ा जाएगा. पर, सिकिदरी प्रोजेक्ट 20 अगस्त तक इस पानी को नहीं लेगा, इसलिए डैम का बेशकिमती पानी यूं ही बर्बाद हो जाएगा. डैम की सुरक्षा के लिए पानी को छोड़ा जाना भी जरूरी है. जानकारी के अनुसार, कम से कम प्रतिदिन ढाई लाख मिलियन गैलन पानी यूं ही बहाया जाएगा.

**पानी छोड़ने के बाद गोंदा डैम का जल स्तर खतरे से नीचे :** भारी बारिश और रूक-रूक कर जारी बारिश के बाद गोंदा (कांके) डैम का जल स्तर खतरे के निशान 28 फीट तक पहुंच गया था. इसलिए, शनिवार को डैम के तीनों फाटक खोल दिये गये थे. इससे गोंदा डैम का जल स्तर 28 फीट से नीचे चला गया है. अब गोंदा डैम में पानी सुरक्षित स्तर पर पहुंच गया है.



**रांची के तीनों डैम का जल स्तर (फीट में)**

| डैम | वर्तमान | पिछले साल | क्षमता |
|---|---|---|---|
| रूक्का | 33.04 | 19.04 | 36.0 |
| गोंदा | 27.06 | 15.06 | 28.0 |
| हटिया | 25.08 | 25.11 | 38.0 |

### हटिया डैम लबालब होने में अभी लगेगा काफी समय

हटिया डैम का जल स्तर अभी 25 फीट तक पहुंचा है. डैम की क्षमता 38 फीट है. यानी कि अभी इसे लबालब होने में काफी समय लगेगा. दरअसल, हटिया डैम पूरी तरह से बारिश और पिस्का नगड़ी से निकलने वाली स्वर्णरेखा नदी के पानी पर आश्रित है. नगड़ी और आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बारिश के बाद ही यह डैम भरेगा. चूंकि रिंग रोड निर्माण के समय डैम में जाने वाले स्वर्णरेखा नदी के पानी को काफी हद तक ब्लॉक कर दिया गया था, इसलिए अब काफी धीमी गति से नदी का पानी डैम में जाता है.

सिकिदिरी प्लांट का मेटेनेंस गर्मी में ही होता था, मगर इस बार चार जून तक आचार संहिता लगे रहने के कारण गर्मी में मेटेनेंस कार्य को शुरू नहीं किया जा सका. चार जून के बाद निविदा की प्रकिया शुरू हुई और 25 जुलाई से मेटेनेंनस कार्य शुरू किया गया. डैम का जल स्तर 34 फीट होने पर ही पानी छोड़ा जाता है. अभी बारिश थम गया है, इसलिए पानी बर्बाद होने की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही है. - **कुमुद रंजन**, जीएम, बिजली उत्पादन निगम

### चांडिल डैम का जल स्तर 181.25 मीटर पहुंचा, चार रेडियल गेट खोले



चांडिल डैम के खोल गये चारों रेडियल गेट.

**चांडिल।** पिछले दो दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश के कारण चांडिल डैम का जल स्तर बढ़ गया है. ऐहतियात के तौर पर रविवार की सुबह आठ बजे डैम के चार रेडियल को 10-10 सेंटीमीटर खोल दिया गया. सुबह डैम का जल स्तर 181.25 मीटर दर्ज किया गया. रेडियल गेट खोले जाने के बाद लगातार बढ़ रहे डैम के जल स्तर में स्थिरता आई है. हालांकि, शाम में एक गेट को 25 सेमी तक बढ़ा कर 35 सेंमी तक खोल दिया गया, जबकि शेष तीन गेट 10-10 सेमी तक ही खुले रहे. इसके पूर्व गुरुवार की सुबह भी चांडिल डैम का पांच रेडियल गेट खोला गया था और शाम में सभी गेट को बंद कर दिया गया था.

### उत्तरी कोयल बराज का जल स्तर खतरे के निशान से दो फीट नीचे



उत्तरी कोयल बराज से बढ़ा हुआ जल स्तर.

**हुसैनाबाद (पलामू)।** देवरी कला में उत्तरी कोयल बराज का जल स्तर खतरे के निशान से दो फीट नीचे यानी 19.5 फीट पर है. अनुमंडल प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि सोन नदी के नजदीक ना जाएं. स्थानीय प्रशासन ने झारखंड-बिहार को जोड़ने वाले नाव घाट को बंद कर दिया है. देवरी ओपी प्रशासन लगातार सोनपुरवा, देवरी कलां, देवी खुर्द आदि जगहों में अपनी पेट्रोलिंग बढ़ा दी है. हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि प्रशासन हर जगह मुस्तादी बरते हुए है. वहीं एसडीओ पीयूष सिंह ने सोन नदी के किनारे के क्षेत्र का निरीक्षण किया है. उन्होंने सभी कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि सभी जगह अलर्ट जारी कर दिया जाए.

### झरिया की 12 लाख की आबादी को नहीं मिला पानी

**धनबाद।** दामोदर नदी का जल स्तर बढ़ने से झरिया के जामाडोबा स्थित झमाड़ा का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पूरी तरह ठप है. रविवार को भी इस प्लांट से पानी की सप्लाई नहीं हो सकी. यहां सप्लाई पंप के फुटबाल में कचरा फंस गया है. लगातार दूसरे दिन झरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 12 लाख की आबादी को पानी नहीं मिल पाया. झमाडा के अधिकारियों ने कहा कि नदी का जल स्तर कम होते ही मोटर को नीचे कर फुटबाल की सफाई की जाएगी और जल संयंत्र से पानी की सप्लाई का काम सुचारू किया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### रांची जोन के आठ जिलों से 94 अपराधी गिरफ्तार

**रांची।** रांची जोनल आईजी के निर्देश पर रांची जोन के आठ जिलों में अपराधियों के विरुद्ध रविवार को छापेमारी अभियान चलाया गया. इस अभियान में 94 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. इनमें रांची में 35, गुमला में 20, जमशेदपुर में 19, सरायकेला में 12, चाईबासा में छह और खूंटी में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है.

### झारखंड पुलिस की साइट पर अपलोड की गई रिपोर्ट

**रांची।** आईजी प्रोविजन पंकज कंबोज के निर्देश पर झारखंड पुलिस की साइट पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत 11 मुख्य बिंदुओं को लेकर रिपोर्ट अपलोड की गयी है. इनमें एफआईआर, जीरो एफआईआर, प्राथमिक जांच प्रतिवेदन, अपराध विवरण फॉर्म, गिरफ्तारी, कोर्ट में आत्मसमर्पण, तलाशी और जब्ती, फाइनल रिपोर्ट, गिरफ्तारी की सूचना, एफएसएल और प्रदर्श अग्रसारण रिपोर्ट शामिल हैं.

### बोकारो नदी में लापता किसान का शव मिला

**बोकारो।** बोकारो नदी पुल टूटने के बाद लापता किसान का शव 28 घंटे बाद रविवार अहले सुबह मिला. गोमिया प्रखंड के ढेंढे गांव निवासी भोरी लाल प्रजापति का शव हजारी पंचायत के अंबा टोला के पास बोकारो नदी के किनारे झाड़ी में मिला. बता दें कि भोरी लाल प्रजापति शनिवार की सुबह डुमरी गांव में अपने खेत में जाने के लिए पुल पार कर रहे थे, तभी पानी के तेज बहाव में पुल का एक पाया टूट कर गिर गया और वह भी पानी में बह गये. शनिवार को एनडीआरएफ टीम ने नदी में खोजबीन की थी, पर सफलता नहीं मिल पाई थी.

**मेहरबानी : संवेदक पर एटीआर लगने के बावजूद दर्जनों काम दिये**

# लातेहार में 70 करोड़ से ज्यादा की योजनाएं फंसी

### आखिर एक ही निर्माण कंपनी पर इतनी मेहबानी क्यों ?



**कमरुल आरफी। लातेहार**

ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा एक नियमावली बनाई गई थी. इस नियमावली में कहा गया था कि एक संवेदक को एक कार्य आवंटित होने के बाद जब तक वह योजना पूरी नहीं होगी, उसे दूसरी योजना आवंटित नहीं की जायेगी. इसके पीछे विभाग की मंशा यह थी कि कार्य समय पर पूर्ण हो और अन्य संवेदकों को काम करने का अवसर प्राप्त हो पाये.

लातेहार जिले में ऐसे भी संवेदक हैं, जिन्हें एक- दो नहीं बल्कि दर्जन भर से अधिक कार्य विभाग की मेहरबानी से मिले हुए हैं. हालांकि, संवेदक द्वारा योजनाएं लटका दी जा रही हैं. यही नहीं पीएमजीएसवाई के कार्यों में एटीआर लगने के बावजूद नियमों की अनदेखी कर विभाग द्वारा संवेदक को कार्य आवंटित किये जा रहे हैं. विभाग की मेहरबानी से लातेहार जिले के मां यशोदा कंस्ट्रक्शन चंदवा को एक दर्जन से अधिक योजनाओं का काम मिला हुआ है. इसकी प्राक्कलन राशि तकरीबन 70 करोड़ रुपये है. लेकिन संवेदक द्वारा हर योजना में नाम मात्र का कार्य कर उसे अधूरा छोड़ दिया गया है.



बालूमाथ एनएच-22 से बारियातू प्रखंड के राहिया के बीच आधी-अधूरी सड़क.

### बारिश में कर दिया कालीकरण

**केस - 1**

लगभग एक दर्जन गांव को मुख्यालय से जोड़ने वाली बालूमाथ प्रखंड के बालूमाथ एनएच-22 से बारियातू प्रखंड के राहिया तक 22.49 करोड़ की लागत से बनने वाली 10.625 किमी सड़क का कार्य संवेदक मां यशोदा कंस्ट्रक्शन द्वारा एकरारनामा करने के एक साल से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद अब तक अधूरा पड़ा हुआ है. यही नहीं ग्रामीणों के विरोध के बावजूद बारिश के दौरान सड़क के कुछ भागका संवेदक द्वारा लगभग एक महीने पहले कालीकरण किया गया. ग्रामीणों का आरोप है कि बारिश में कीचड़ पर बिना एमलसन एसएस-1 व आरएस-1 डाले सड़क की पीचिंग कर दी गई. इससे सड़क की गुणवत्ता बेहद कमजोर होने के कारण महीने दिन के अंदर ही पिच उखड़ने लगी है. गुणवत्ता के लिहाज से कालीकरण के लिए सड़क पर डाले जा रहे मेटेरियल का तापमान 150 से160 डिग्री होना चाहिए, परंतु बारिश के दौरान सड़क की पीचिंग से गुणवत्ता के लिहाज से मेटेरियल का तापमान मेंटेन नहीं होने से कमजोर सड़क बन रही है. हालांकि इस संबंध में पक्ष कथन लेने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंता अवधेश कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन रीसिव नहीं किया.

### छह इंच की जगह दो-तीन इंच जीएसबी डाला गया

**केस - 2**

हेरहंज प्रखंड के ब्रहमोरिया से सेरका नदी तक पथ की विशेष मरम्मत का कार्य जिसकी लागत 3.20 करोड़ रुपये है, विभाग से मां यशोदा कंस्ट्रक्शन द्वारा एकरारनामा के बाद कार्य की शुरु कर अधूरा छोड़ दिया गया है. शिलान्यास के बाद भी कोई काम नहीं दिख रहा है. कहीं-कहीं कुछ काम किया गया है तो उसमे घोर अनियमितता बरती गई है. छह इंच की जगह दो से तीन इंच जीएसबी डाला गया है. घटिया कलवर्ट बनाया गया है.

**केस - 3**

चंदवा प्रखंड के बोदा के ग्रामीण मां यशोदा कंस्ट्रक्शन के कारण ख़राब सड़क का कोप झेल रहे हैं. एनएच 75 लुकुइया से बोदा तक सात करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का काम छह माह गुजरने के बाद भी धरातल पर नहीं दिखता है.

### मां यशोदा कंस्ट्रक्शन को ये काम आवंटित किये गये हैं

1. बालूमाथ एनएच 22 से बारियातू प्रखंड के राहिया तक 22.49 करोड़ की लागत से बनने वाली 10.625 किमी सड़क
2. हेरहंज प्रखंड के ब्रहमोरिया से सेरका नदी तक पथ की विशेष मरम्मती का कार्य जिसकी लागत 3.20 करोड़ रुपये है
3. चंदवा प्रखंड के रूद एनएच 75 से कुलगड़ा आरसीडी रोड भाया किताआन तक 14 किमी तक बनने वाली सड़क.
4. एनएच 75 लुकुइया से बोदा तक सात करोड़ की लागत से बननेवाली सड़क
5. जेएच -एलएटी 03 1.46 करोड़ की लागत से एनएच 22 से रोल सड़क.
6. जेएच- एलईडब्ल्यूई -एलएटी 01 5.22 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क.
7. जेएच-बीआर-एलईडब्ल्यूई-एलएटी03 2.43 करोड़ की लागत से पुलिया निर्माण.
8. ठेढइटांगर-पाईकपारा फागूटोली पथ 1.44 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क.
9. ललगाड़ी से बिचलीदाग 3.47 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क.
10. जेएच-14 एइसी-42बी 1.30 करोड़ रुपये की लागत से पुलिया निर्माण कार्य.
11. जेएच-एलडब्ल्यूई-एलएटी 03 गारू से हेसवा सड़क जिसकी लागत 7.26 करोड़ है.

**अधिवक्ता हत्याकांड में मुठभेड़ के बाद सफलता**

# तीन अपराधी गिरफ्तार पिस्तौल व गोली बरामद



कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते एसएसपी चंदन सिन्हा व सिटी एसपी.

- अनगड़ा में पुलिस और अपराधियों के बीच हुई गोलीबारी
- अनगड़ा से दो और सिल्ली से एक अपराधी को दबोचा गया

**संवाददाता। रांची**

रांची सिविल अधिवक्ता गोपाल कृष्ण हत्याकांड में रांची पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने मुख्य आरोपी रोशन मुंडा और संदीप कालिंदी के अलावा इन दोनों के सहयोगी संदीप मुंडा को भी गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके पास से एक पिस्तौल और दो कारतूस भी बरामद किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस बताया कि अपराधियों के अनगड़ा में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी.

इस आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया था. पुलिस टीम अपराधियों को पकड़ने के लिए अनगड़ा के महेशपुर स्थित बागानटोली पहुंची, तो उनलोगों ने पुलिस के उपर गोलीबारी शुरू कर दी. पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो राउंड गोली चलाई. इसके बाद रोशन मुंडा ने आत्मसमर्पण कर दिया. वहीं, उसके सहयोगी संदीप मुंडा को भी मौके से दबोचा गया. वहीं, पुलिस पर गोलीबारी करते हुए एक अपराधी संदीप कालिंदी मौके से फरार हो गया था. बाद में उसे सिल्ली से गिरफ्तार किया गया.

**अधिवक्ता से पिटाई के बाद आक्रोश में था रोशन :** रोशन मुंडा ने पुलिस को बताया है कि घटना के दिन अधिवक्ता गोपाल कृष्ण ने उसके साथ मारपीट की थी. अधिवक्ता पूजा करने के लिए मंदिर जा रहा था, इसी दौरान वह उससे टकरा गया और उसका पूजा का सामान गिर गया. इसके बाद अधिवक्ता ने उसे बेरहमी से पीटा. इसी गुस्से में उसने कुछ देर बाद अधिवक्ता को उसके घर के सामने ही चाकू मारकर हत्या कर दी. वहीं संदीप कालिंदी ने बताया कि अधिवक्ता द्वारा मेरा केस लड़ने के लिए ज्यादा पैसा मांगा जा रहा था. इसको लेकर विवाद भी हुआ था, जिसके बाद उसकी हत्या कर दी.

### डीजीपी ने परिजनों को दिया था आश्वासन

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र मधुकम स्थित महुआ टोली में अधिवक्ता गोपाल कृष्ण उर्फ गोपी बाबू की शुक्रवार को चाकू गोद कर हत्या कर दी गयी थी. इस घटना के दूसरे दिन शनिवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों से उनके घर पर मुलाकात की थी. डीजीपी ने मृतक की मां और पत्नी को आश्वासन दिया था कि घटना में शामिल अपराधियों को जल्द से गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# बालूमाथ हादसे में घायल कांवड़िया की रांची में इलाज के दौरान मौत

**संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)**

**खास बातें**

- एक अगस्त को सवारी गाड़ी पर 11 केवी तार गिर गया था
- करंट लगने से पांच कांवड़ियों की मौके पर हो गयी थी मौत

बालूमाथ थाना क्षेत्र के टमटमटोला के पास विगत एक अगस्त को हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल दो कांवड़ियों में से एक की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी. मृतक की पहचान धाधू पंचायत के भैंसादोन निवासी हनेश यादव के रूप में हुई है. उसका रांची के देवकमल अस्पताल में इलाज चल रहा था. बता दें कि एक अगस्त को तड़के करीब तीन बजे कांवरियों से भरी सवारी गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गयी थी.

इससे बिजली का खंभा टूट गया था और 11 केवी बिजली का तार सवारी गाड़ी पर गिरने के कारण उसमें करंट दौड़ गयी थी. इस घटना में पांच कावड़ियों की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि पांच अन्य झुलस गये थे. इनमें दो की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें रांची रेफर कर दिया था. अब एक और कांवड़िया की इलाज के दौरान मौत होने के बाद इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या छह हो गई है. मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. बता दें कि कुछ दिन पूर्व ही स्थानीय विधायक सह शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम घायल हनेश का हाल जानने देवकमल अस्पताल गये थे.

**अपराध** नक्सलियों के बाद अब अपराधियों के निशाने पर झारखंड पुलिस के जवान व पदाधिकारी

# चार साल में दो दारोगा समेत 10 पुलिसकर्मियों की हत्या

**सौरभ सिंह। रांची**

- चार साल में अपराधियों की गोली से चार पुलिसकर्मी हुए घायल
- किसी भी अपराधी को मारने में असफल रही है झारखंड पुलिस

नक्सलियों के बाद अब अपराधियों के भी निशाने पर झारखंड पुलिस के जवान और पदाधिकारी हैं. विगत चार साल के दौरान (अप्रैल 2020 से लेकर 2 अगस्त 2024) अपराधियों के राज्य के अलग-अलग जिले में दो दारोगा समेत 10 पुलिसकर्मियों की हत्या की है. वहीं, अपराधियों की गोली से चार पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं. हालंकि, इसकी तुलना में झारखंड पुलिस के हाथ किसी भी आपराधिक गिरोह के एक भी अपराधी को एनकाउंटर में मार गिराने में सफलता नहीं मिल पाई है. दूसरी ओर, चार साल की अवधि में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 17 जवान शहीद हुए हैं, जबकि सुरक्षा बलों ने 60 नक्सली को मार गिराया है.

### जानें कब-कब अपराधियों ने की पुलिसकर्मियों की हत्या

**02 अगस्त 2024 :** रांची के कांके थाना क्षेत्र में बोरेया रोड में स्पेशल ब्रांच के दारोगा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी.

**29 जुलाई 2024 :** गुमला के नेतरहाट घाटी में बाइक सवार पुलिस जवान की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी.

**08 दिसंबर 2023 :** जमशेदपुर के मानगो जवाहरनगर रोड नंबर 16 में पुलिस जवान की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी.

**11 फरवरी 2023 :** देवघर के नगर थाना क्षेत्र में कृष्णा टॉकिज के पीछे अपराधियों के साथ मुठभेड़ में दो पुलिस जवान शहीद हो गये थे.

**20 जुलाई 2023 :** पशु तस्करों ने रांची के तुपुदाना ओपी की दारोगा संध्या टोप्पो की गाड़ी से कुचल कर हत्या कर दी थी.

**25 जून 2023 :** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में देर रात पुलिस जवान पंकज दास की गोली मार कर हत्या की गयी थी.

**24 जून 2022 :** साहिबगंज जिले में जैप 9 में पदस्थापित जवान गुड्डू ओझा की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी.

**01 मई 2021 :** पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र के फुलपहाड़ी गांव में पुलिस जवान और एक बच्चे की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी.

**16 दिसंबर 2020 :** हजारीबाग में पुलिस जवान वीरेंद्र कुमार मेहता की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी थी.

### कब-कब अपराधी की गोली से घायल हुए पुलिसकर्मी

**18 जुलाई 2023 :** रामगढ़ के पतरातू में अमन साहू के गुर्गों ने एटीएस डीएसपी और रामगढ़ के दारोगा को गोली मारी थी.

**18 मार्च 2021 :** रांची में स्कूटी सवार दो अपराधियों ने चुटिया थाना के दारोगा को गोली मार कर घायल कर दिया था.

**30 अप्रैल 2020 :** साहेबगंज कारागार में कार्यरत जेल सिपाही रजनीश कुमार चौबे को अपराधियों ने गोली मार दी थी.

### अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

**किरीबुरु।** झारखंड पुलिस की विशेष टीम ने ओडिशा पुलिस के सहयोग से अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. लुटेरों के पास से बाइक, स्कूटी, दो मोबाइल व अन्य समान बरामद किये गये हैं. बड़ाजामदा ओपी में रविवार को प्रेस वार्ता कर किरीबुरु एसडीपीओ अजय करकेट्टा ने यह जानकारी दी. गिरफ्तार अपराधियों में औरंगाबाद (बिहार) के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के टिकारी रोड अलीनगर निवासी मो सैफुल्ला उर्फ मो सैफ, ओडिशा के सुंदरगढ़ जिला अंतर्गत कोयडा थाना क्षेत्र का रहनेवाला राजेश मिस्त्री और क्योंझर जिला के बड़बिल भुंजो कॉलोनी निवासी अभिमन्यु प्रधान शामिल है. इन लुटेरों ने जुलाई के अंतिम दिनों में तीन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया था.

### ब्रीफ खबरें

## भक्तों का जत्था दर्शन के लिए बाबाधाम रवाना

**सतबरवा (पलामू)।** लहलहे से बाबा वैद्यनाथ के दर्शन के लिए रविवार को एक जत्था रवाना हुआ. इस जत्था को इंटक के प्रदेश सचिव विवेका त्रिपाठी ने बोल बम के जयकारे के साथ रवाना किया. इस मौके पर त्रिपाठी ने कहा कि बाबा वैद्यनाथ हर व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण करती है. आप सभी की भी मनोकामना पूर्ण हो. बाबा ने लोगों के कल्याण हेतु खुद विष पी लिया था. बाबा के दर्शन मात्र से ही जीवन धन्य हो जाता है. इस जत्था में राजरुप चौधरी, मोतीलाल चौधरी,रिंकु चौधरी, ब्रजेश पाण्डे, प्रदीप तिवारी, पंचायत समिति सदस्य सुभाष तिवारी, संजय चौधरी, बब्लू तिवारी मुख्य रूप से शामिल हैं.

## मोर्चा कार्यालय में विचार गोष्ठी नौ को

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक रविवार को जिला कार्यालय में हुई. बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की. बैठक में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए हुए काउंसलिंग में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की मांग को लेकर चलाए जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गई. कहा गया कि जिला प्रशासन की उदासीनता एवं मनमानी के कारण आज भी पलामू में 500 से अधिक पद रिक्त हैं. दूसरी तरफ काउंसिलिंग में सफल अभ्यर्थी को नियुक्ति से वंचित रखा गया है जिस कारण बेरोजगारों में काफी आक्रोश है.

## कोयल नदी में डूबने से अधेड़ की हुई मौत

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड के सुआ कौड़िया गांव निवासी पूरन सिंह(45) की कोयल नदी में डूबने से मौत हो गई. शनिवार की शाम पूरन सिंह का शव कोयल नदी से निकाला गया. दरअसल कोयल नदी में पूरन के डूबने के बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर से काफी प्रयास किया. सदर थाना प्रभारी दल ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया. इधर, घटना की जानकारी मिलने पर विधायक आलोक चौरसिया, जिप सदस्य अर्जुन सिंह, पंसस अजीत सिंह, मुखिया पति रविंद्र सिंह, संतोष साव ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पोस्टमार्टम करवाया.

## रेलवे ट्रैक के बगल से युवक का शव बरामद

**उंटारी रोड (पलामू)।** उंटारी रोड रेलवे स्टेशन व सतबाहिनी रेलवे स्टेशन के बीच लहरबंजरी के नवाडीह में रेलवे ट्रैक के बगल से पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है. उंटारी रोड थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया की लहर बंजारी के कुछ ग्रामीणों ने सुबह रेलवे ट्रैक के बगल में शव को देखा. जिसके बाद सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया गया है. उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग यह कयास लगा रहे है की किसी पैसेंजर ट्रेन से गिरने से युवक की मौत हुई है.

## पलामू पतंजलि परिवार ने मनाया जड़ी-बूटी दिवस

**मेदिनीनगर।** आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्णजी महाराज के जन्मदिन 4 अगस्त को पलामू पतंजलि परिवार ने जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया. जिला मुख्यालय नावाटोली स्थित कार्यालय पर प्रातः कालीन योग कक्षा के बाद आयोजित कार्यक्रम में जिला मुख्यालय पर लगभग 3000 औषधि ,फलदार, एवं छायादार पौधों का वितरण किया गया .मौके पर जिला प्रभारी राजीव शरण, किसान प्रभारी ओंकारनाथ, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री जनार्दन प्रसाद, वरिष्ठ योग शिक्षक सुरेश कुमार उदयपुरी, रमाकांत प्रसाद आदि शामिल थे.

### शिवाजी मैदान मे डिज्नीलैंड मेले का विधायक आलोक चौरसिया ने किया उदघाटन, कहा-

# मेले से मनोरंजन के साथ रोजगार को मिलता है बढ़ावा

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

स्थानीय शिवाजी मैदान में डिजनीलैंड मेला सह मॉल का उदघाटन हुआ. उदघाटन डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, दुर्गा जौहरी, रूपा सिंह, राज कुमार गुप्ता, आयोजक जितेंद्र कुमार, पवन गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया.

मौके पर विधायक श्री ,चौरसिया ने कहा कि पवित्र महीना सावन के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस



डिज्नीलैंड मेला का हुआ उदघाटन करते विधायक.

वर्ष भी पलामू में झूलन मेला सह डिजनीलैंड का आयोजन किया जाता रहा है. इस प्रकार के मेले से शहरवासी ही नहीं बल्कि पलामू जिले के अलावे दूसरे जिला से भी लोग आकर मेला एवं झूलन का आनंद सपरिवार लेते हैं. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से जहां एक ओर लोगों को मनोरंजन मिलता है वहीं दूसरी ओर रोजगार को भी बढ़ावा मिलता है.

मेला लगने से कई छोटे छोटे दुकानदार , ऑटो, रिक्शा चालक को भी रोजगार मिलता है. उन्होंने कहा कि इस मेला की स्वच्छता एवं सुरक्षा बनाये रखें. ताकि कहीं किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े. मेला के संरक्षक जितेंद्र कुमार ने कहा कि पलामू में पहली बार सुनामी झूला मीटर रोलिंग, टावर, 108 व्यक्ति को बैठने वाला नाव, मौत का कुआं, बड़ा झूला टावर के अलावे बच्चों के लिए स्कार्पियो झूला , हेलीकॉप्टर झूला, जंपिंग झूला व महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र फिरोजाबाद की चुड़ी, कोलकाता का अचार, मॉल के अलावे कई मनोरंजन के साधन एवं भारत के विभिन्न राज्यों के हस्तनिर्मित सामग्री उपलब्ध है. मौके पर मीडिया प्रभारी रवि रंजन, अजय कुमार कल्लू, राजू कुमार, पुष्पा राज, तुल्लु खान समेत कई लोग शामिल थे.

### दो दिन में जिस बारिश को लेकर इतना भौकाल मचा, वह नाकाफी

# पलामू जिले में पांच प्रतिशत रोपनी भी नहीं हुई, खेत परती

**अरुण कुमार सिंह। मेदिनीनगर**

पिछले शुक्रवार और शनिवार को हुई बारिश का भौकाल पलामू में भी खूब मचा . पानी का लेयर पाताल जाने के बाद पिछले छह महीने से पानी के लिए बे-पानी हुए शहर के लोग दो दिन में ही रूक-रूककर होनेवाली बारिश से त्राहिमाम् करते हुए नजर आये . लेकिन जमीनी असलियत यही है कि इतनी बारिश से न तो जलस्तर बहुत बढ़ा है और न ही खेतों में पानी जमा हुआ है जिससे कि धनरोपनी हो सके! शनिवार की दोपहर से ही बारिश बंद हो चुका है और रविवार को तो सुबह से ही धूप खिला था .

**पिछले दो दिन का बारिश धनरोपनी के लिए पर्याप्त नहीं :** पलामू में 1,73,553 हेक्टेयर शुद्ध कृषि योग्य भूमि है . इनमें चालू वर्ष में 1.36 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसल यथा धान, मक्का,दलहन, तिलहन तथा मोटे अनाज लगाने का लक्ष्य निर्धारित है . इस लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 40% फसल भी नहीं लग पाया है . 51 हजार हेक्टेयर में धान लगाने के लक्ष्य के विरूद्ध 5% भी धनरोपनी, इस बारिश के बाद भी, शायद ही संभव हो पाए ! क्योंकि जुलाई माह में लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 1% ही धनरोपनी का कार्य हुआ है . जुलाई माह में औसत 350 मिलीमीटर बारिश की जरूरत थी . लेकिन पलामू में लक्ष्य के विरूद्ध 89% कम बारिश हुई थी .



दूर-दूर तक परती पड़े खेत

### पिछले दो साल से सुखाड़ की मार झेल रहा है पलामू

पिछले दो साल से पलामू सुखाड़ की मार झेल रहा है . 2022 और 2023 में पलामू में औसत से भी कम बारिश हुई थी . साल 2023 में पलामू के लगभग सभी प्रखंडों को सुखाड़ क्षेत्र घोषित किया गया था और सरकार ने सिंचाई के कई मास्टर्स प्लान भी बनाये थे जो जमीन पर नहीं उतर सका.

### पानी या तो पाताल चला गया या बिहार

पिछले दो-तीन दिन की बारिश का हस्र यही हुआ कि वर्षा का पानी या तो पाताल चला गया या फिर पलामू की प्रमुख नदियों से बहते हुए पड़ोसी राज्य बिहार . हां, इन दो दिनों की बारिश के दौरान पलामू वासियों ने बहुत दिनों बाद नदियों को उफनते और मचलते हुए जरूर देखा . नगर पंचायत और नगर निगम क्षेत्र में विकास के ढोल का पोल भी इस बारिश ने खोल दिया . लेकिन अगर कुल मिलाकर अगले पांच दिनों में कम से कम 200 मिलीमीटर और बारिश नहीं होती है तो कम से कम, पलामू जिले के अधिकतर हिस्सों में तो धनरोपनी का कार्य संभव नहीं ही हो पाएगा .

## टोरी रेलवे का अंडरब्रिज पास भी पानी में डूब गया

**चंदवा (लातेहार)।** टोरी रेलवे क्रॉसिंग के पूरब में रेलवे का अंडरपास पास पानी में डुब गया है. अंडरपास का कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने रविवार को निरीक्षण किया. उन्होंने एक कहा कि रेलवे क्रॉसिंग की घंटों जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए रेलवे के द्वारा ये अंडरपास का निर्माण कराया गया था. इसमें रेलवे ने लाखो रुपए खर्च किए लेकिन इसका फायदा आम जनता को नहीं मिल पाया. जमीन के लेबल से गहराई में बने अंडरपास में पानी का रिसाव हमेशा होता है. थोड़ी सी बारिश होने पर इसमें पानी भर जाता है. अंडरपास से पानी की निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है. जब इस अंडरपास का निर्माण करवाया जा रहा था, उस समय ग्रामीणों ने इस समस्या की ओर रेल पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करवाया था लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया. इस अंडरपास को बने करीब दो वर्ष होने को है लेकिन इस पर चार पहिया व दोपहिया वाहन तो छोड़ दें पैदल भी कोई नहीं चला है.

## गाड़ी से घायल खैरादोहर के अविनाश राम की रिम्स में मौत

**छतरपुर (पलामू)।** छतरपुर नगर मुख्यालय के ब्लॉक रोड में कुछ दिन पहले पिपरा थाना के बोलेरो वाहन से हुए सड़क दुर्घटना में घायल अविनाश राम ने रिम्स में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. घर के इकलौता कमाऊ सदस्य के निधन से उसके माता पिता और दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. सड़क दुर्घटना के बाद अविनाश राम का पूरा शरीर पैरालाइज्ड हो गया था. तात्कालिक इलाज पल्स अस्पताल में कराया गया था . लेकिन बाद में पैसे के अभाव में उसे रिम्स में भर्ती कराया गया जहां स्पाइनल कोड के ऑपरेशन के बाद अविनाश राम ने दम तोड़ दिया. बरियातू थाना की पुलिस ने रिम्स में अविनाश राम के माता पिता से फर्द बयान लिया है, जिसमें कहा गया है कि छतरपुर में उनका बेटा सीमेंट व्यवसायी अमित जायसवाल के काम से बाइक से जा रहा था. उसी दौरान ब्लॉक रोड स्थित लखन विश्वकर्मा के गैरेज से निकलते वक्त पिपरा थाना की गाड़ी ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनके बच्चे को धक्का मार दिया जिसके बाद वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था. पुलिस की संवेदनहीनता को लेकर परिजनों और ग्रामीणों में उबाल है . पुलिस की ओर से न तो किसी तरह की आर्थिक सहायता ही उपलब्ध कराया गई और ना ही मामले की प्राथमिकी ही दर्ज की गई . परिजनों और ग्रामीणों ने दोषी वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मुआवज़े की मांग की है. वहीं सूचना मिलने के बाद स्थानीय समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमून ने खैरादोहर स्थित उनके घर मे जा कर परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया .

# भारी बारिश के कारण जपला हार्वे स्कूल तालाब में तब्दील



विद्यालय परिसर में जमा पानी के बीच से जाते लोग.

- कार्यालय सहित सभी कक्षा में घुसा पानी, कई कागजात भी हुए बर्बाद

**संवाददाता। हुसैनाबाद (पलामू)**

ब्रिटिश शासनकाल में जपला सीमेंट फैक्ट्री देवरी में स्थापित हार्वे सोनभैली उच्च विद्यालय परिसर मूसलाधार बारिश के कारण जल मग्न हो गया है. विद्यालय के ऑफिस व क्लास रूम तक पानी ही पानी हो गया. प्रधानाध्यापक डॉ सुजाऊल हक ने बताया कि ऑफिस में एक फीट तक पानी जमा है. पूरे स्कूल की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई हैं. बारिश के कारण शिक्षक व बच्चे तीन फीट तक जमा पानी में विद्यालय आना-जाना कर रहे हैं. सहायक शिक्षक संतोष कुमार ने बताया कि स्कूल की बिल्डिंग भी काफी जर्जर हैं. स्कूल में पानी घुसने से ऑफिस के जरूरी फाइल व कागजात भी नष्ट हो गए हैं. यहां पर पानी निकासी की कोई व्यवस्था नही है. विदित हो कि हार्वे स्कूल में पढ़े विद्यार्थी आज देश के कई हिस्सों में महत्वपूर्ण पद व स्थान पर कार्य कर रहे हैं. जब जपला सीमेंट फैक्ट्री का संचालन हो रहा था तब इस विद्यालय में भी रौनक दिखती थी लेकिन वर्तमान में स्कूल संचालित तो हो रहे हैं लेकिन उस ओर किसी राजनेता व सरकारी सिस्टम का ध्यान नहीं है.

## चार दिनों से अंधेरे में है शहर का रिहायशी इलाका

**लातेहार।** नगर पंचायत क्षेत्र के थाना चौक का एक रिहायशी इलाका विगत चार दिनों से अंधेरे में है. बताया जाता है कि थाना चौक में लगे ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण इस क्षेत्र में पिछले चार दिनों से अंधेरा है. बता दें कि इस इलाके में नगर पंचायत कार्यालय, चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल, किड्स जी स्कूल व होटल ब्लिस के अलावा कई व्यवसायिक प्रतिष्ठान व दर्जनों आवासीय परिसर हैं. चार दिनों से बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. एक स्थानीय व्यवसायी ने बताया कि जिस ट्रांसफार्मर से इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की जाती है वह क्षमता से काफी कम है, इसलिए हर साल ट्रांसफार्मर खराब होता है. पिछले साल भी ट्रांसफार्मर खराब हो गया था और कई दिनों तक बिजली नहीं थी. लोगों ने चंदा कर ट्रांसफार्मर मंगाया था. अब फिर वैसी स्थिति फिर आ गयी है. विभागीय अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं देते हैं. स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर पांच अगस्त तक बिजली सेवा बहाल नहीं हुई तो वे विभाग का घेराव करेगें.

इस संबंध में पूछे जाने पर कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि थाना चौक में लगा एक ट्रांसफार्मर खराब हो गया है.

# केंद्रीय बजट का दूरगामी परिणाम होगा : कालीचरण



पत्रकारों को संबोधित करते कालीचरण सिंह.

**संवाददाता। लातेहार**

सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 का जो बजट पेश किया है उसका दूरगामी परिणाम होगा. यह बजट देश के समावेशी विकास में भविष्य की दृष्टिकोण से तैयार किया गया है. यह बजट देश को विकास की राह में बहुत आगे ले जायेगा. सांसद श्री सिंह ने रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट को ले कर आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे. मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह व उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे समेंत कई भाजपा नेता शामिल थे. सांसद ने आगे कहा कि केंद्रीय बजट देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण बजट है. भाजपा सरकार के पिछले दस वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था 11 वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है. आने वाले पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी. स्वास्थ्य के क्षेत्र में पिछले बजट से साढ़े 12 प्रतिशत अधिक वृद्धि की गयी है. शिक्षा में 15 प्रतिशत, कौशल विकास एवं रोजगार सृजन को लेकर 27 प्रतिशत और कृषि के क्षेत्र में 17 प्रतिशत अधिक का प्रावधान किया गया है. आगे बताया कि इस बजट में देशभर में 14 हजार किलोमीटर तीसरी लाइन बनाने का लक्ष्य रखा गया है. आधुनिकीकरण के तहत 432 बड़े स्टेशन का निर्माण किया जाएगा.

**प्रतियोगिता** | दो दिवसीय डीएवी संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन

# डीएवी डालटनगंज बना ओवरऑल चैंपियन

**संवाददाता। लातेहार**

डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार के द्वारा आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स- 2024 दो दिवसीय संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन रविवार को हो गया. प्रतियोगिता में ओवर ऑल चैंपियन डीएवी डालटेनगंज और रनर अप डीएवी गुमला रहा. समापन के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन जिला स्टेडियम में किया गया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन-आई के सहायक क्षेत्रीय निदेशक सह एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटेनगंज के प्राचार्य डॉ जीएन



अतिथियों का स्वागत करते आयोजक.

खान, जोन-आई के डीएवी स्कूल्स लोहरदगा, सिमडेगा, गढ़वा , भवनाथपुर व गुमला के प्राचार्य के अलावा अधिवक्ता संजय कुमार, आलोक कुमार मंटू, पंकज कुमार सिंह, राकेश कुमार दुबे, आशीष नाथ

**खास बातें**

- प्रतियोगिता में रनर अप रही डीएवी गुमला की टीम
- पुरस्कार वितरण समारोह जिला स्टेडियम में किया गया

शाहदेव आदि मौजूद थे. विद्यालय के संगीत शिक्षक सूरज कुमार मिश्रा के निर्देशन में बच्चों के द्वारा स्वागत गान गाकर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया. विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम सहाय ने आगंतुक अतिथियों का पुष्प गुच्छ, शॉल और मोमेंटो देकर स्वागत किया. सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ खान ने कहा कि बच्चे पढ़ाई-लिखाई से अतिरिक्त समय निकालकर लगातार खेल के मैदान में विभिन्न खेलों का निरंतर अभ्यास करते हैं और इसका सुखद परिणाम भी देखने को मिलता है. डीएवी लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने कहा कि सात जिले से आए विभिन्न डीएवी स्कूल्स के अंडर 19,अंडर 17 ,अंडर 14 आयु वर्ग के लगभग 200 बच्चों ने इसमें भाग लिया. उन्होने प्रतिभागियों के अलावा एस्कोर्ट टीम, खेल प्रशिक्षक सभी ऑफिशल्स को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया. खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन कई स्पर्धायें आयोजित की गयी.

## सुप्रीम कोर्ट का आरक्षण पर फैसला गैरसंवैधानिक

**पांकी (पलामू)।** भीम आर्मी - आजाद समाज पार्टी नेता नागमणि



रजक ने सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दी गई अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षण पर ब्यान पर विरोध जताते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति/जनजाति को संविधान में आरक्षण उनके पिछड़ेपन और जाति की वजह से दी गई है, इसे आर्थिक रूप से प्रसार करना भारतीय संविधान के खिलाफ फैसला है। कोई भी कानून बनाना वो विधायिका का कार्य है, सुप्रीम कोर्ट के पास कानून बनाने का अधिकार नहीं है परंतु सुप्रीम कोर्ट ने जब भी फैसला बाहर प्रकाशित होती है वो सिर्फ अनुसूचित जाति/जनजाति के खिलाफ ही होती है.

### न्यूज अपडेट

## विधायक ने कांवरियों को देवघर के लिए किया रवाना



**मेदिनीनगर।** पवित्र श्रावण मास के मौके पर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के कुंदरी से कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना हुआ. कांवरिया जाते को पाखी विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. बोल बम कांवरिया संघ के बैनर तले दर्जनों कांवरिया का जत्था देवघर, अयोध्या, बोधगया, सुल्तानगंज, तपोवन, राजगीर, विंध्याचल, बनारस, सासाराम, ताराचंडी, चेगनवा के लिए रवाना हुआ. बाजे गाजे के साथ निकले कांवरिया के जत्थे का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान पूरा माहौल भक्तिमर बना हुआ था. कांवरिया संघ के सदस्य ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरियों का जत्था देवघर के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया .

## रुद्र शुक्ला के घर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर



**पांकी (पलामू)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर इन दिनों पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने को लेकर पलामू के दौरे पर हैं. पांकी विस क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी सह युवा कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला की दादी सूर्यमुखी देवी के निधन की सूचना के बाद दूसरे दिन उनके पैतृक आवास लेस्लीगंज प्रखंड क्षेत्र के कमलकेड़िया गांव पहुं. मौके पर श्री ठाकुर ने शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए सूर्यमुखी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की. मौके पर झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा, पलामू जिलाध्यक्ष जेयश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक आदि उपस्थित थे.

## आदिवासी दिवस मनाने को लेकर समन्वय समिति की बैठक



**लातेहार।** आगामी नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को ले कर आदिवासी समन्वय समिति की एक बैठक स्थानीय आदिवासी वासाओड़ा में रविवार को संयोजक सेलेस्टीन कुजूर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी. बैठक में आदिवासी दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं अन्य तैयारियों की समीक्षा की गयी. . आदिवासी आज भी गुलामी की जंजीरों में जकड़े हैं. सुदूरवर्ती आदिवासी बहुल इलाकों में आज भी विकास की किरणें नहीं पहुंची है. इन सभी सवालों को आदिवासी दिवस पर उठाने का निर्णय लिया गया. नौ अगस्त को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से पूजा अर्चना की जायेगी. 11बजे सांस्कृतिक रैली निकाली जायेगी .

## बैद्यनाथ राम ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का स्वागत किया



**लातेहार।** स्थानीय विधायक सह राज्य के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने अपने लातेहार स्थित आवासीय परिसर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान एवं पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा का स्वागत किया. मौके पर श्री राम ने शॉल भेंट किया. बता दें कि राजेश ठाकुर व अन्य पलामू में एक कार्यक्रम में भाग लेकर रांची लौट रहे थे. इस दौरान उन्होंने स्थानीय विधायक सह शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से मुलाकात की. मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, अंकित पांडेय, विशाल कुमार, नसीम अंसारी, चंदन कुमार, विवेक गुप्ता, मो रिजवान आदि शामिल थे.

## रूचिर डालटनगंज विस क्षेत्र से होंगे सीपीआई उम्मीदवार : जितेंद्र




**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार होंगे. राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि रांची में आयोजित राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. बैठक की अध्यक्षता पशुपति कोल ने की. वहीं, बैठक में झारखंड राज्य के नवनियुक्त प्रभारी राम कृष्ण पांडा, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, पूर्व सांसद सह किसान सभा के राज्य अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, आंफिस सेकेट्री अजय सिंह आदि उपस्थित थे. जितेंद्र सिंह ने कहा कि डाल्टनगंज विस क्षेत्र में इस बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी .

## स्कूली बच्चों के लिए कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बरवाडीह (लातेहार)।** सोतोकान कराटे स्टाईल ऑफ क्लासिकल मार्शल आर्ट फेडरेशन इंड़िया के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में स्कूली बच्चों के लिए कराटे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में एसकेसीएमएफआई स्टेट मुख्य प्रशिक्षक सेंसई मदन लाल के द्वारा प्रखंड में संचालित संत क्लारेट स्कूल, ग्रीनलेंड पब्लिक स्कूल, आरडी पब्लिक स्कूल समेत अन्य स्कूल से 20 छात्र छात्राओं को चयनित किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर मदनलाल ने बताया कि कराटे के लिए चुने सभी छात्र-छात्राओं को बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा. यह पूरे एक माह तक चलेगा. चयनित सभी छात्र-छात्राओं में से बेहतर प्रदर्शन करने वाले का चयन राज्य स्तर के प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा.

## मंत्री बैद्यनाथ ने सामुदायिक सत्संग केंद्र का किया शिलान्यास



**लातेहार।** स्थानीय विधायक सह सूबे के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने विधायक कोटे की राशि से शहर के धर्मपुर में सामुदायिक सत्संग केंद्र का शिलान्यास किया. उन्होंने नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण किया. बैद्यनाथ राम ने काली मंदिर के पास सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार की भी आधारशिला रखी. वैदिक मंत्रोच्चारण संतोष कुमार मिश्रा ने किया. मौके पर मंत्री राम ने कहा कि सत्संग से तन व मन दोनों स्वस्थ्य रहता है. मंत्री ने भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करने की बात कही. मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, डा सुरेंद्र सिंह, गोपाल चौरसिया, जय सिंह, योगेंद्र प्रसाद आदि शामिल थे.

## रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है : रमेश



**लातेहार।** अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने रविवार को स्वैच्छिक रक्तदान किया. रक्तदान के बाद रमेश उरांव ने बताया कि वे हर तीन महीने में रक्तदान करते हैं. रक्तदान करने से उन्हें संतोष मिलता है. उन्होंने अन्य युवाओं से भी रक्तदान करने की अपील की. कहा कि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी की जान बचायी जा सकती है. रक्तदान करने से शरीर मे एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मकता दूर होती है. उन्होंने युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने की अपील की. कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशा का शिकार होकर अपने उद्देश्यों से भटक रही है.

## ब्रीफ खबरें

### आजसू के जिला उपाध्यक्ष व विपिन सिंह ने दिया इस्तीफा

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी लोहरदगा जिला के वरीय उपाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर एवं विपिन सिंह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता एवं उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. उन्होंने अपनी इस्तीफा केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो को प्रेषित कर इसकी प्रतिलिपि जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा प्रभारी को भी भेजा है. इस्तीफा का कारण दोनों ने व्यक्तिगत व्यस्तता एवं समय का अभाव बताया है, किंतु सूत्र बताते हैं कि इन दिनों आजसू पार्टी लोहरदगा जिला के अंदरखाने में कुछ अच्छा नहीं चल रहा है. यहां के कुछ कार्यकर्ताओं का मानना है कि अब लोहरदगा जिला की आजसू पार्टी कमल किशोर भगत के समय की पार्टी नहीं रह गई है.

### पीएम आवास की एक भी किश्त नहीं मिली

**गुमला।** पीएम आवास का भुगतान नहीं होने से लोगों को अधूरे घर में रहने में परेशानी हो रही है. ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है. शहर के सरनाटोली निवासी संगीता देवी का पीएम आवास तीन वर्ष से अधूरा है. नगर परिषद द्वारा वर्ष 2020-21 में पीएम आवास योजना की स्वीकृति मिली थी. जिसके बाद नगर परिषद द्वारा मिले आदेश के बाद घर को तोड़ दिया. नगर परिषद के कर्मियों द्वारा घर आकर फोटो खींच कर ले जाया गया. वहीं बोला गया कि शीघ्र ही पैसे का भुगतान होगा.

### मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आठ अगस्त से

**सिमडेगा।** देव शांति नेत्रालय बीरु मेंआठ अगस्त से दो दिनी मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया है. जिसमें मरीजों को बीपी, शुगर जांच के साथ साथ कोरोना टीका का प्रमाण पत्र भी साथ लाना अनिवार्य करार दिया गया है. कहा गया कि ऑपरेशन के बाद मरीजों को दवा और काला चश्मा मुफ्त दिया जाएगा.

### कांवड़ियों की सेवा में लगा है बजरंग दल

**सिमडेगा।** वेदव्यास से सरना मंदिर तक कांवड़ यात्रा में शामिल कांवड़ियों की सेवा के लिए बजरंग दल की टीम भी लगी हुई है. विहिप जिलाध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने बजरंग दल की टीम को सेवा के लिए रवाना किया. उन्होंने ने बताया कि टीम के द्वारा कांवड़ियों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी. मौके पर नारायण दास, लहरु सिंह, आनंद जयसवाल, मानस प्रसाद, सुमित गुप्ता, बलराम, बी साहू आदि उपस्थित थे.

### सिमडेगा में शांति समिति की बैठक आज

**सिमडेगा।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर शांति समिति की बैठक पांच अगस्त को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है. समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित होने वाली बैठक में समिति के सभी सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है.

### जेएमएमएसवाई महिलाओं के बीच हुआ लोकप्रिय : मनोज

**गढ़वा।** झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर ने कहा है कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है. भारी बारिश होने के बावजूद जिस तरह से गढ़वा जिला के 189 पंचायतों व सभी शहरी निकायों में योजना का लाभ लेने के लिए बहन बेटियों की भीड़ उमड़ रही है. सभी बहन बेटी इस योजना के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दे रही हैं. महिलाओं ने कहा कि महिला उत्थान के लिए मुख्यमंत्री का यह सराहनीय प्रयास है.

## ग्रामीणों ने धनरोपनी कर सरकार और प्रशासन को दी चेतावनी

# चुनावी मुद्दा बनकर रह गई हेसल से कुज्जी को जोड़ने वाली सड़क

संवाददाता। लोहरदगा

**चेतावनी : सड़क नहीं तो विस चुनाव में वोट नहीं**



धनरोपनी कर सिस्टम के खिलाफ आवाज बुलंद करते ग्रामीण.

सदर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हेसल नवा टोली से कुज्जी होते हुए कुड़ू, चंदवा और किस्को प्रखंड को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क वर्षों से जर्जरावस्था है, जिसे बनवाने में किसी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई है. ग्रामीणों ने सरकारी सिस्टम को लेकर काफी नाराज़ हैं. गांव वालों का कहना है कि कितने विधानसभा और लोकसभा चुनाव संपन्न हो गया लेकिन हेसल नवा टोली से कुज्जी सड़क की स्थिति जस का तस बना हुआ है. कितने बार इस सड़क का निर्माण कार्य कराए जाने हेतु लिखित आवेदन देकर गुहार भी लगाया जा चुका है फिर भी किसी की नजरें इस ओर नहीं पड़ रहा है जिससे दिन-ब-दिन क्षेत्र के लोगों का जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमला के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है.

गांव वालों ने यह भी कहा कि यदि विधानसभा चुनाव से पहले 2.5 किलोमीटर हेसल नवा टोली से कुज्जी सड़क का निर्माण कार्य नहीं हुई तो बाध्य होकर विधानसभा चुनाव में हम-लोग वोट बहिष्कार करने को मजबूर हो जाएंगे. ग्रामीणों के मुताबिक सड़क निर्माण कार्य नहीं होने से आए दिन इस क्षेत्र के मरीजों को अस्पताल ले जाते समय कितने लोग दुर्घटना के शिकार भी हुए हैं. साथ ही कई मरीज तो अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिए हैं. बहरहाल लोहरदगा जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत हेसल नवा टोली से कुज्जी सड़क जो कुड़ू चंदवा और किस्को प्रखंड को जोड़ने वाली सड़क है. इसका निर्माण कार्य नहीं होने से लोगों में सिस्टम के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है.

## लाभुक दिनभर करते रहे सीएसपी में ऑनलाइन आवेदन कराने का इंतजार

# दूसरे दिन भी मंईयां निधि योजना का ऑनलाइन आवेदन नहीं हुआ

संवाददाता। मझिआंव



इंतजार में बैठी लाभुक.

महिलाओं को सशक्तिकरण एवं सम्मान को लेकर झारखंड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान निधि योजना का फॉर्म दो दिनों से ऑनलाइन नहीं हो रहा है. जिस कारण लाभुकों में निराशा है. विदित हो कि 21 वर्ष से 49 वर्ष की महिला एवं युवतियों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान निधि योजना के तहत प्रत्येक माह 1000 रूपए योग्य लाभुको के खाते में देने की बात कही गई है. जिसके लिए 3 से 10 अगस्त तक योग्य लाभुकों को संबंधित मतदान केंद्रों पर सीएसपी संचालकों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन अप्लाई किया जाना था. लेकिन अभी तक लाभुकों का एक भी आवेदन ऑनलाइन नहीं हो पाया है. ऑनलाइन आवेदन के लिए महिला लाभुक सुबह 10 बजे से शाम 4:00 बजे तक अपने अपने संबंधित मतदान केंद्रों पर इंतजार करते देखे गए.

नगर पंचायत कार्यालय में स्थित मतदान केंद्र पर तैनात सीएसपी संचालक विकास कुमार एवं मनीष कुमार ने बताया कि मंईयां सम्मान निधि योजना का पोर्टल खुला हुआ है, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण लाभुको का आवेदन अपलोड नहीं हो पा रहा है. मंईयां सम्मान निधि योजना के नोडल पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शंभू राम ने बताया कि पूरे झारखंड में लाभुकों के आवेदन ऑनलाइन किए जा रहे हैं, जिसके कारण संभवतः सरवर लोड नहीं ले पा रहा है. पूरे झारखंड में इस तरह की टेक्निकल इशू कि समस्या है. समस्या का समाधान में लगे हैं. इसकी वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है.

### भंडरा में दूसरे दिन भी सर्वर रहा डाउन

**भंडरा(लोहरदगा)।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरने को लेकर दूसरे दिन भी भंडरा प्रखण्ड के सभी पंचायत भवन में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ पड़ी. यहां पर क्षेत्र में सुबह 10 बजे से महिलाएं कतारबद्ध होकर फॉर्म भरने को खड़ा है लेकिन सुबह 10 बजे से ही सर्वर डाउन होने के कारण एक भी लोगों का फॉर्म आनलाइन नहीं हुआ है वहीं ऑनलाइन कर्ता मुन्ना ठाकुर ने बताया भंडरा पंचायत में पहला दिन एक फॉर्म ऑनलाइन किया गया था जिसके बाद दिनोभर सरवर डाउन था वहीं दूसरा दिन भी सरवर प्रॉब्लम बताया जा रहा है, उदरंगी पंचायत मुखिया ने बताया पहला दिन छः फॉर्म ऑनलाइन हुवा था वहीं दूसरे दिन ऑनलाइन कर्ता मखदूम अंसारी ने बताया सरवर पूरा डाउन ही चल रहा है जिसके चलते एक भी फॉर्म ऑनलाइन नही किया जा सका है , वहीं अकाशी पंचायत ऑनलाइन कर्ता इम्तियाज अंसारी ने बताया पहला दिन एक फॉर्म ऑनलाइन किया गया दूसरा दिन एक भी नहीं हो पाया है वही हाल भौरो, मसमानो ,भीठा, गडरपो, बड़ागाइ, जमगाई सभी पंचायत का सरवर डाउन रहा जिसके कारण महिलाएं की लंबी कतार लगी रही .



योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं जुटी

### नाबालिग के अपहरण के मामले में युवक गिरफ्तार

**कांडी।** पुलिस ने एक नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में जयनगरा गांव निवासी एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इस मामले में थाना क्षेत्र निवासी लड़की के पिता ने अपनी पुत्री का अपहरण करने व प्यार के जाल में फंसाने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया था. दिये आवेदन में कहा गया था कि वह मंगलवार को स्कूल ड्रेस में घर से स्कूल आने के लिए निकली थी. उसके हाथ में एक दो किताब कॉपी भी था. लड़की के पिता ने थाना में आवेदन देकर जयनगरा गांव निवासी सुभाष पासवान के पुत्र धीरज कुमार पासवान 19 वर्ष के खिलाफ अपनी पुत्री का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उक्त युवक को गिरफ्तार कर थाना ले गयी. पूछताछ करने व मोबाईल के जांच करने पर लड़की के साथ उसका जान पहचान व प्रेम संबंध होने का साक्ष्य मिला.

### आदिवासी दिवस भव्य तरीके से मनाया जाएगा : संगठन

**लोहरदगा।** जिला के विभिन्न आदिवासी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाए जाने को लेकर अहम बैठक किया गया. बैठक का सभापति पारंपरिक पड़हा समिति लोहरदगा एवं राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा लोहरदगा की पहल से इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस भव्य रूप से मनाए जाने पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया. बैठक में राजी पड़हा समिति लोहरदगा संजू भगत देवान और मंच संचालन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव की अध्यक्षता में की गयी. शहरी क्षेत्र के एमजी रोड स्थित झखरा कुम्बा में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श के बाद सभी ने सहमति दिया .

## राहुल गांधी के डिक्शनरी में डर शब्द है ही नहीं: सुखदेव

संवाददाता। लोहरदगा



सांसद सुखदेव भगत.

लोकसभा प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किए थे कि वह ईडी का स्वागत चाय बिस्कुट से करेंगे. इसी ट्वीट पर भाजपा के अनेक नेताओं ने बयान दिया कि राहुल गांधी डरे हुए हैं और वह खौफ में है. भाजपा नेताओं के द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी के डिक्शनरी में डर नाम की शब्द ही नहीं है. उन्होंने कहा कि जहां तक ईडी को चाय बिस्कुट से स्वागत करने की बात है तो यह राहुल गांधी और कांग्रेस का संस्कार है. राहुल गांधी ने इसलिए आशंका जाहिर किया है कि संसद में उन्होंने जिस बातों को रखे हैं और उनकी बातों को जिस प्रकार भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने संसदीय परंपराओं के विपरीत जाकर बहुत ही निम्नस्तरीय बात किए हैं और उससे ज्यादा दुःख इस बात की है कि प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर अनुराग ठाकुर के बयान का समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि भाजपा नेता के द्वारा संसदीय परंपरा के खिलाफ जाकर बयान देना और भाजपा का उसका समर्थन करना यह भाजपा का राजनीतिक संस्कार हो सकता है. सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि राहुल गांधी ने इसलिए इस बात की आशंका जाहिर की है कि भाजपा जिस प्रकार संवैधानिक संस्थाओं का लगातार दुरुपयोग कर रही है.

## महिलाओं के बैंक खाते में सरकार देगी 12 हजार खटाखट: मोजम्मिल

संवाददाता। लोहरदगा

झारखंड सरकार राज्य के महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु सालाना 12 हजार रूपये आर्थिक सहायता देगी. यह पैसा मंईयां सम्मान योजना के तहत दिया जाएगा. उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने प्रेस बयान जारी करते हुए कही. उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत लाभ पाने के लिए 21 से 50 साल तक की उम्र की सभी महिलाएं इसके लिए पात्र होंगी. योजना का लाभ लेने के लिए आपको आवेदन करना होगा. आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है. उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाले 12 हजार रुपये सीधे महिलाओं के बैंक खाते में जाएंगे. आवेदन पत्र आपको नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र से मुफ्त में मिल जाएगा. इसके लिए आपको



झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद.

कोई पैसा नहीं देना होगा. आप चाहें तो आवेदन पत्र ऑनलाइन भी डाउनलोड कर सकते हैं. इस योजना का लाभ लेने के लिए सरकार विशेष कैंप भी आयोजित किया है. 10 अगस्त के बाद भी कभी भी नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर आवेदन कर सकते हैं. प्रज्ञा केंद्र में आवेदन करने के लिए भी आपको कोई पैसा नहीं

**खास बातें**

- झारखंड सरकार ने शुरू किया मंईयां सम्मान योजना
- तीन से 10 अगस्त तक विशेष शिविर में कर सकते हैं आवेदन

देना होगा. जिलाध्यक्ष श्री अहमद ने कहा कि अगर आप गाँव में रहते हैं तो पंचायत सचिवालय में जाकर आवेदन कर सकते हैं. वहीं अगर आप शहर में रहते हैं तो नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन के लिए आपको कुछ जरूरी दस्तावेज देने होंगे. इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड और बैंक खाता विवरण शामिल हैं. अगर आपके पास बैंक खाता नहीं है तो आप विशेष कैंप में ही जन धन खाता खुलवा सकते हैं.

## न्यूज अपडेट

### गुफा मंदिर की बैठक में कावड़ यात्रा निकालने का निर्णय

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत स्थित शिव पहाड़ी गुफा मन्दिर के प्रांगण में रविवार को शिव पहाड़ी गुफा मंदिर के संरक्षक बबन साह की अध्यक्षता में बैठक की गई. बैठक में सर्वसहमति से 12 अगस्त को कावड़ यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया. जानकारी देते हुए संरक्षक ने बताया कि 12 अगस्त को शिव पहाड़ी गुफा मंदिर के तत्वावधान में चौथे सोमवारी को भव्य कावड़ यात्रा निकाला जायेगा. जो केतार प्रखंड के ढाढरा पांडा नदी से प्रातः 7 बजे सभी कावरियो को जल संकल्प कराते हुए पग यात्रा करते हुए भगवान घाटी मार्ग, कर्पूरी चौक भवनाथपुर होते दुल्हन के रास्ते शिव पहाड़ी गुफा मंदिर में जलाभिषेक कराया जाएगा.



बैठक करते लोग.

### उग्रवादियों की धमकी के बाद थाना पहुंचे मजदूर

**घाघरा(गुमला)।** झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव को जान से मारने की धमकी देने व मजदूरों को भयभीत करने को लेकर सानिया उरांव सहित कई मजदूर घाघरा थाना पहुंचे. जहां लिखित आवेदन पुलिस को सौंपा. आवेदन में कहा है कि हम सभी मजदूर अपने हितों को लेकर हिंडाल्को माइंस प्रबंधन व मजदूरों के बीच आपसी खींचतान चलते रहती है. मजदूर जब अपने हितों व विधि सम्मत अधिकारों को लेकर माइंस प्रबंधन से अपनी बात रखते हैं. तो प्रबंधन मजदूरों की आवाज को दबाने के लिए जेजेएमपी उग्रवादियों का सहारा लेने लगती है. फिलहाल जेजेएमपी के उग्रवादी बिशुनपुर थाना क्षेत्र के लखवा, डिहारी, मंजीरा व घाघरा थाना क्षेत्र के पोड़ी जंगली इलाकों में कैंप कर यूनियन के जिलाध्यक्ष सानिया उरांव को खोज रहे थे.

### सैकड़ों कांवरियों ने उठाया जल, आज करेंगे जलाभिषेक

**सिमडेगा।** सावन की तीसरी सोमवारी पर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए कांवरियों का जत्था ओडिसा के वेदव्यास के लिए रवाना हुआ. कांवरिया सेवा संघ द्वारा उपलब्ध ट्रकों में एवं बस से सैकड़ों की संख्या में कांवरियों का जत्था ओड़ीसा के वेदव्यास पहुंचे. वहां से कांवरिये लगभग चार बजे वेदव्यास के त्रिवेणी संगम से जल उठा कर 80 किलोमीटर का पैदल सफर तय करते हुए सोमवार को सिमडेगा के सरना मंदिर में पहुंचेंगे और यहां सरना मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे. जल उठा कर कांवरियों का जत्था शनिवार की रात बिरमित्रापुर पहुचे. उसके बाद रविवार की सुबह सिमडेगा के लिए प्रस्थान करेंगे. रविवार को कांवरियों का जत्था रात्रि में टुकुपानी पहुंचेंगा.

### कांग्रेस का विस स्तरीय संवाद कार्यक्रम आयोजित

**विश्रामपुर (पलामू) ।** कांग्रेस द्वारा बी मोड़ पर रविवार को पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संवाद आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के विश्रामपुर प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू और संचालन वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने किया.बैठक में नए - पुराने,अनुभवी व युवा कार्यकर्ताओं में बेहतर सामंजस्य स्थापित करने का निर्णय लिया गया.बैठक में आगामी विस चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई.नेताओं कार्यकर्ताओं ने विश्रामपुर विस क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी को जिताने का संकल्प भी लिया.कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक,प्रादेशिक नेता विजय चौबे,अमृत शुक्ला,सुधीर चंद्रवंशी,पूर्णिमा पांडेय, अधिवक्ता सुधीर चौबे, सत्यनारायण सिंह आदि शामिल थे.



कार्यक्रम में शामिल कांग्रेसी नेता.

### ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा पहुंचा कांडी

**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद के नेतृत्व में ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय रथ यात्रा झारखंड राज्य के राजधानी रांची से चलकर गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के सड़की गांव में पहुंचा. मौके पर आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि झारखंड अलग होने के बाद यहां पिछड़ा एवं ओबीसी की आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है. फिर भी सामाजिक, आर्थिक आधार पर ओबीसी को एकमात्र 14 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की गई है. जो उचित नहीं है. झारखंड में रहने वाले पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के द्वारा जातीय जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत आरक्षण की मांग के समर्थन की आवाज उठानी जरूरी है .



न्याय रथ का स्वागत करते लोग.

### तीर्थ दर्शन के लिए10 लोगों को प्रशासन ने किया रवाना

**लोहरदगा।** राज्य सरकार द्वारा सभी धर्मावलंबियों को बारी-बारी से देश के विभिन्न हिस्सों में अवस्थित तीर्थ दर्शन कराए जाने हेतु मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बीपीएल श्रेणी के लोगों को निःशुल्क यात्रा में भेजा जा रहा है. इसी क्रम में रविवार को लोहरदगा जिला से मुस्लिम धर्मावलंबी बीपीएल कार्ड धारकों के कुल 10 एवं 01 नोडल पदाधिकारी के रूप में कुल 11 मुस्लिम धर्मावलंबियों को अजमेर शरीफ,फतेहपुर सीकरी व आगरा के लिए समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन के लिए रवाना किया गया. यहां पर यात्रियों से भरी बस को डीपीआरओ शिवनंदन बड़ाईक और नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज द्वारा हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया गया. बता दें कि लोहरदगा जिला से अजमेर शरीफ फतेहपुर सीकरी और आगरा से सभी यात्री 10 अगस्त को तीर्थ यात्रा कर लोहरदगा वापस लौटेंगे.

### दिशोम गुरु ने दिया रंका अनुमंडल व डंडा प्रखंड : झामुमो

**गढ़वा।** झामुमो के जिला प्रवक्ता कार्तिक पाण्डेय व रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने कहा है कि रंका को अनुमंडल बनाने का श्रेय सिर्फ और सिर्फ झारखंड मुक्ति मोर्चा को जाता है. तात्कालीन मधु कोड़ा सरकार में उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री रहे झामुमो विधायक दल के नेता स्व. सुधीर महतो की अनुशंसा पर मधु कोडा कैबिनेट की अंतिम बैठक में रंका और जगन्नाथपुर को अनुमंडल बनाने पर मुहर लगी थी और चार अक्टूबर 2008 को तब के मुख्यमंत्री और झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने रंका अनुमंडल और डंडा का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया गया है. उस समय सरकार के सहयोगी दल रहे राजद विधायक के तौर पर समारोह में उपस्थित रहने से कोई अनुमंडल और प्रखंड बनाने का श्रेय लेना चाहे तो यह काफी हास्यास्पद है.



जानकारी देते कार्तिक पांडेय व अन्य.

## समस्या

## तीन दिनों से जारी बारिश का सिलसिला रविवार तक भी नहीं थमा

# हाथी के बाद भंडरा में बारिश का कहर ,लोग परेशान

संवाददाता। भंडरा (लोहरदगा)



भंडरा क्षेत्र में बारिश से नदियां उफान में.

जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों के झुंड के कहर का जख्म अभी भरा भी नहीं है कि बीते तीन दिनों से हुई बारिश का सिलसिला रविवार तक भी नहीं थम सका. कहीं कम तो कहीं ज्यादा हवा के साथ तेज बारिश होती रही. जिसके कारण सामान्य जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया. वहीं कई विद्युत पोल भी धराशायी हो गया. साथ ही कहीं बड़े बड़े पेड़ भी गिर गये. विद्युत व्यवस्था शुक्रवार को भी कई ग्रामों में बाधित रही. प्रखंड क्षेत्र में भी दिन में कई बार लाईट आती जाती रही. लगातार बारिश से प्रखंड क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर थे. कई गांव में छोटे छोटे रपटो पर उपर से पानी बह रहा था वहीं नगर में नदी नालो की गंदगी से मोहरें बंद हो गये ओर पानी का बहाव उपर से बहने लगा. वहीं जिन बस्तियो में पानी भरा गया वहां उन्हें आज भी परेशानी उठानी पड़ रही है. बिजली की गरज चमक के साथ रविवार की रात भर बरसात होती रही. इस दौरान कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था भी बाधित रही तो वहीं नगर के मु य मार्ग की सड़कें जल मग्न हो गई, और कई दुकानों में बरसात का पानी भर गया.

**30 घंटे की बारिश से क्षेत्र तर-ब-तर :** भंडरा प्रखंड क्षेत्र में रूक-रूककर बारिश के बाद अचानक हुई जोरदार बारिश ने तबाही मचा दी है. यहां पर बृहस्पतिवार शाम से हुई लगातार 30 घंटे की बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया. साथ ही शुक्रवार और शनिवार रात में गरज चमक के साथ जोरदार बारिश हुई. जिससे खेतों में पानी भर गया. अत्यधिक बारिश से क्षेत्र की नदी नाले भी जवाब दे डाला. साथ ही रविवार तक झमाझम बारिश होती रही, बारिश से चारों ओर पानी-पानी दिखाई दे रहा है. निचले इलाकों में पानी भर जाने से नागरिकों को काफी परेशानी उठाना पड़ा. बता दें कि बृहस्पतिवार को रात्रि 11 बजे से झमाझम बारिश शुरू हुई थी जो रातभर होती रही और शुक्रवार दिनभर और रातभर फिर शनिवार एवं रविवार 3 बजे तक भी बारिश का दौर चलता रहा. यहां पर कुल 30 घंटे क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई है.

**भैसमुंदो स्थित पाडें बांध भी टूटा :** तीन दिन की लगातार बारिश से भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसमुंदो में स्थित पाड़ें बांध भी अपनी आपा खो बैठा और नया खुदाई के बाद बांधे गए पिंड बह गया जिसके कारण नीचे सोलिंग किया हुआ पत्थर भी उथल पुथल हो गया.

## उमरा में सभी अरकानों को पूरा करते हुए इबादत पर देंगे ध्यान : हाफिज

# लोहरदगा, गुमला, रांची और हजारीबाग से हज जायरीन 13 को करेंगे प्रस्थान

संवाददाता। लोहरदगा



हज ए उमरा पर जाने वाले जायरीनों को प्रशिक्षण देते उल्लेमा.

हज ए उमरा के पवित्र यात्रा पर जाने वाले हजयात्रियों के लिए रविवार को होटल रॉयल ग्लैक्सी न्यू रोड लोहरदगा में प्रशिक्षण तरबियती कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मोहम्मद इमरान ने कुरआन पाक की तिलावत से की . प्रशिक्षकों ने आगामी 13 अगस्त को हज उमराह पर जाने वाले जायारीनों को उमराह से संबंधित प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक जनाब अल्हाज हाफिज मुहम्मद इमरान हज एवं उमरा सर्विस लोहरदगा ने बताया कि जायरीन को हज के दौरान अरकानों को पूरा करते समय कुछ जरूरी चीज़ों का खास ख्याल रखना चाहिए. जायरीन अपने साथ जरूरत का ही सामान लेकर जाएं, सामानों की पैकिंग सही तरीके से करें, जो व्यक्ति कोई विशेष बीमारी की दवा खाता है, तो अपनी दवा साथ ले जाएं. अपने साथियों के साथ ही कैंप में रहें, कोई दिक्कत हो तो घबराएं नहीं बल्कि पूछताछ केंद्र से संपर्क करें.

